Bareilly, Thursday,
23 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 TOP

एसआर इंटरनेशनल और विद्या वर्ल्ड सेमीफाइनल में

विद्या वर्ल्ड ने 199 रन बनाकर जीपीएम को 15.5 ओवर में 68 रन पर किया आल आउट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (22 April) : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात के आठवें दिन बुधवार को एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच पहला और गिरीश प्रसाद मेमोरियल (जीपीएम) और विद्या वर्ल्ड के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ. पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल ने नेशनल पब्लिक स्कूल को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया. जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जीपीएम को 131 रन से हराकर विद्या वर्ल्ड की टीम ने सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया.

अक्षत को मैन आफ द मैच

एसआरएमएस स्टेडियम में पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव ने टास जीत कर नेशनल पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. एसआर की गेंदबाजी के आगे नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम 9.4 ओवर में 66 रन ही बना सकी. एसआर की ओर से शिवांश गंगवार और अक्षत ने 3-3 विकेट लेकर नेशनल की टीम को बिखेरने में अहम भूमिका निभाई. एसआर की टीम ने 8.3 ओवर में जीत का हासिल कीतीन ओवर में नेशनल पब्लिक स्कूल के तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के गेंदबाज अक्षत को मैन आफ द मैच चुना गया.

15.5 ओवर में सिर्फ 68 रन

टूर्नामेंट के 16वें और दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच विद्या वर्ल्ड और जीपीएम की टीमों के बीच खेला गया. इसमें विद्या वर्ल्ड के कप्तान अभिमन्यु जावला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. टीम ने 19.1 ओवर में सारे विकेट खोकर 199 रन बनाए, जीपीएम की टीम 15.5 ओवर में सिर्फ 68 रन ही बना सकी. जीपीएम के स्कोर को बढ़ाने में अतिरिक्त के रूप में मिले 12 रनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. चार ओवर में मात्र 15 रन देकर जीपीएम के छह खिलाड़ियों को आउट करने वाले विद्या वर्ल्ड के शिवांश श्रीवास्तव को मैन आफ द मैच चुना गया. आयोजन समिति के सचिव डा. शोभित सक्सेना और उप सचिव इंजीनियर निपुण पांडेय, मनीष सिंह ने मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की.